53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:01, सूर्यास्त - 6:29 | वर्ष : 53/अंक : 252 शुक्रवार, 12 सितम्बर 2025 अश्विन, कृष्ण पक्ष, पंचमी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4


न्यूनतम 26.8°c अधिकतम 33.3°c

**अमृतवाणी**

हाथ की लकीरों की ताकत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वे मुट्ठी में बंद होकर भी काबू में नहीं होती।

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

जब हाइड्रोजन बम आएगा तो सब कुछ साफ हो जाएगा : राहुल गांधी



यह बम बन कहाँ रहा है?.......



53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 53/अंक : 252 शुक्रवार, 12 सितम्बर 2025 अश्विन, कृष्ण पक्ष, पंचमी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये



## महामंडलेश्वर स्वामी केशवानंद सरस्वती महाराज की हालत बिगड़ी, दिल्ली में भर्ती



**मुजफ्फरनगर, 11 सितंबर (बु.)।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ में स्थापित हनुमत धाम के महामंडलेश्वर स्वामी केशवानंद सरस्वती महाराज की अचानक तबीयत खराब हो गई है। उनकी तबीयत की गंभीर स्थिति को देखते हुए इलाज के लिए उन्हें दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रस्ट के सदस्यों और सेवकों ने बताया कि स्वामी केशवानंद सरस्वती महाराज की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें तुरंत मुजफ्फरनगर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। शुरूआती इलाज के बाद भी उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें दिल्ली रेफर कर दिया। फिलहाल, स्वामी केशवानंद सरस्वती महाराज का इलाज दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में चल रहा है। उनके भक्त और अनुयायी उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं।

# 750 बीघा सरकारी जमीन के खेल में एसडीएम जानसठ जयेन्द्र पर गिरी गाज

### ▶▶ डीएम ने बैठाई थी जांच, डेरावाल कॉर्पोरेटिव फार्मिंग सोसायटी की जमीन को रातों-रात कर दिया था नाम

**मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)।** जानसठ तहसील में 750 बीघा सरकारी जमीन के घोटाले में बड़ा एक्शन लेते हुए एसडीएम जयेंद्र सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। भाजपा के पूर्व विधायक विक्रम सैनी ने भी उनके खिलाफ शिकायत कर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये थे। डेरावाल कॉर्पोरेटिव फार्मिंग सोसायटी की जमीन को कथित रूप से रातों-रात निजी नामों में दर्ज किए जाने के मामले में जिलाधिकारी ने जांच बैठाई थी। जांच में प्रथम दृष्टया गड़बड़ी पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है। प्रशासन की इस सख्ती से राजस्व विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। उल्लेखनीय है कि मुजफ्फरनगर जनपद की जानसठ तहसील से एक बड़ा भूमि घोटाला सामने आया है, जिसमें वर्तमान एसडीएम जयेंद्र सिंह पर अरबों की सरकारी जमीन किसान के नाम करने का गंभीर आरोप लगा है। यह मामला गांव इसहाकवाला में स्थित सरकारी जमीन से जुड़ा है, जहां 1962 में डेरावाल कॉर्पोरेटिव फार्मिंग सोसायटी की स्थापना की गई थी। सोसायटी के पास कुल 743 हेक्टेयर (करीब 900 बीघा) जमीन थी। तहसील प्रशासन इस मामले को हाई कोर्ट तक ले गया था। इस जमीन को लेकर लंबे समय से सोसायटी के सदस्य जीवन दास के बेटे गुलशन और हरबंस (जो 1972 में अलग हो गए थे) के पोते के बीच विवाद चला आ रहा था। वर्ष 2018 में तहसील प्रशासन ने स्वयं हाई कोर्ट को सूचित किया था कि हरबंस का इस जमीन से कोई संबंध नहीं है। बावजूद इसके मार्च 2024 में एसडीएम पद पर तैनात हुए जयेंद्र सिंह ने मामले की सुनवाई फिर से शुरू की।



### रातों-रात बदला आदेश, किसान के नाम जमीन

**मुजफ्फरनगर।** 19 जुलाई 2025 को एसडीएम ने अचानक आदेश जारी कर 600 बीघा सोसायटी की और 150 बीघा सरकारी जमीन हरबंस के नाम से किसान के नाम कर दी। जैसे ही इसकी जानकारी सोसायटी के सदस्य गुलशन को हुई, उन्होंने अपने बेटे ईशान के साथ 29 जुलाई को डीएम उमेश मिश्रा से मिलकर शिकायत की। शिकायत मिलते ही डीएम ने तत्परता दिखाते हुए एडीएम के नेत्त्व में तीन सदस्यीय जांच टीम बना दी थी। इसके बाद एसडीएम जयेंद्र सिंह ने रातों-रात अपने ही दिए आदेश को निरस्त कर दिया। जांच टीम ने मामले की तह तक जाकर तथ्यों की पुष्टि करते हुए डीएम को रिपोर्ट सौंप दी थी। इसके बाद शिकायतकर्ता भी डीएम से मिले और कार्यवाही की मांग की थी। बताया गया है कि यह जमीन हाईवे के बिल्कुल सामने स्थित है, जिस पर पहले ही सोसायटी और किसान ने मुआवजे की मांग को लेकर हाईकोर्ट का रुख किया था। कोर्ट ने उस जमीन को सरकारी मानते हुए मुआवजा देने से इन्कार कर दिया था। इसके बावजूद भी एसडीएम जयेन्द्र सिंह द्वारा वही जमीन कागजों में निजी नाम पर दर्ज कर दी गई थी। प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि इसमें दोष साबित होने पर शासन ने जिलाधिकारी की रिपोर्ट पर एसडीएम जयेन्द्र सिंह को सस्पेंड कर दिया है।

## रंजिश के चलते चाचा ने दो लोगों के साथ मिलकर भतीजे को उतारा मौत के घाट



**पुरकाजी, 11 सितंबर (बु.)।** पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव दादूपुर में उस समय सनसनी फैल गयी, जब चाचा ने अपने ही भतीजे मोनू को पुरानी रंजिश के चलते गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। बताया जाता है कि गोली लगने के बाद मोनू को चिकित्सालय ले जाया गया, मगर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस की मानें तो मृतक मोनू पुरकाजी थाने का हिस्ट्रीशीटर है और मृतक मोनू पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। गुरूवार को शाम के समय जब मोनू बाइक से आ रहा था तो उसके अपने ही चाचा करतार के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी। कहासुनी के बाद चाचा ने मोनू को गोली मार दी। गोली उसके पेट में जा लगी और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। हिस्ट्रीशीटर की मौत के बाद गांव में तनाव व्याप्त हो गया। सुरक्षा की दृष्टि से तुरन्त पुलिस फोर्स तैनात की गयी। पुलिस का बताना है कि जिस समय चाचा ने मोनू को गोली मारी तो उसके साथ दो अन्य लोग भी मौजूद थे। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जैसे ही जिला चिकित्सालय में मोनू के शव को लाया गया तो तुरन्त एसएसपी संजय कुमार वर्मा अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। फिलहाल हत्या के बाद मोनू के चाचा करतार फरार है और मोनू की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।



# बिजनौर के युवक की हत्या कर शव मीरापुर में फेंका



**मीरापुर, 11 सितम्बर (बु.)।** बिजनौर जनपद के शेरकोट थानाक्षेत्र निवासी युवक की हत्या कर हत्यारों ने शव को मीरापुर क्षेत्र में दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर एक खाली प्लॉट में फेंक दिया। गुरुवार की सुबह प्लॉट पर पहुँचे प्लॉट स्वामी ने पुलिस को शव पड़े होने की सूचना दी। शव मिलने से पुलिस में हड़कम्प मच गया। मृतक की जेब में मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई। सूचना पर पहुँचे मृतक के परिजनों ने शव की शिनाख्त की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। ककरौली थानाक्षेत्र के गांव जड़वड़

### चार दिन पूर्व गंगा बैराज से लापता हुआ था बिजनौर का शेरकोट निवासी युवक

निवासी हरेन्द्र मोतला का मीरापुर में दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर मुक्तिधाम मंदिर के समीप एक प्लॉट है। गुरुवार की सुबह हरेन्द्र अपने प्लॉट पर पहुँचा, तो उसे वहाँ एक खून से लथपथ एक 35 वर्षीय युवक का शव पड़ा दिखाई दिया, जिस पर हरेन्द्र ने पुलिस को इसकी सूचना तो पुलिस में हड़कम्प मच गया तथा मीरापुर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा पुलिसबल के साथ मौके पर पहुँच गए तथा यहाँ मिले मृतक के कपड़ों की तलाशी ली, तो उसकी जेब में मिले आधारकार्ड से उसकी पहचान बिजनौर जनपद के शेरकोट थानाक्षेत्र के गांव नंगला कोपा निवासी वाजिद अली पुत्र फुरकान अहमद के रूप में हुई, जिस पर मीरापुर पुलिस ने बिजनौर पुलिस से संपर्क किया, तो पता चला कि मृतक युवक वाजिद अली चार दिन पूर्व 8 सितम्बर को गंगा बैराज से लापता हो गया था, जिसकी गुमशुदगी थाना कोतवाली बिजनौर में दर्ज है। सूचना पर मृतक के दर्जनों परिजन भी मौके पर आ गए। मृतक के परिजनों ने युवक के साथियों द्वारा ही उसकी हत्या करने की आशंका जताई। मृतक के शव पर कई जगह चोटों के निशान हैं तथा उसके एक पैर को निर्ममता से काटा गया है, जिससे शव को देखकर स्पष्ट प्रतीत हो रहा था कि उसकी हत्या की गई है और बाद में शव यहाँ फेंक दिया गया है। उधर प्रभारी निरीक्षक थाना मीरापुर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि युवक बिजनौर क्षेत्र से लापता था। उसकी गुमशुदगी बिजनौर कोतवाली में दर्ज है। शव को देखकर उसकी हत्या किया जाना ही प्रतीत हो रहा है। फिर भी मौत का कारण जानने के लिए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। इस सम्बन्ध में मृतक के ममेरे भाई राशिद ने बताया कि वाजिद मुम्बई में ठाणे के समीप अरोली में बेकरी में काम करता था तथा वहाँ से अपने साथ काम करने वाले खलील नाम के युवक के साथ घर के लिए चला था। राशिद ने बताया कि मीरापुर से कुछ पहले तक वाजिद की बात परिजनों से हुई थी, जिसमें उसने बस में होने तथा आधा घण्टे बाद बैराज पर पहुँचने की बात कही थी। उसके बाद उसका मोबाइल बन्द हो गया, जिसके बाद उसके साथी खलील के फोन पर बात हुई, तो खलील ने उन्हें गुमराह करते हुए बताया कि वह रास्ते में उतर गया और उसका मोबाइल बन्द हो गया, जो कि उसने मुझे दे दिया। खलील ने परिजनों को मृतक वाजिद का मोबाइल दिया था। राशिद के अनुसार खलील लगातार उन्हें गुमराह करता रहा।



# कटने शुरू हो गए अतिक्रमण पर चालान, अब जैसा आपका मन वैसा कर लें श्रीमान

**मुजफ्फरनगर, 11 सितंबर (बु.)।** तीन दिन के प्यार के अल्टीमेटम के बाद अब सड़क पर अवैध अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नगरपालिका और ट्रैफिक विभाग ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। तीन दिन पहले लगातार एनाउंसमेंट कराकर चेतावनी देने के बाद अब चालान काटे जा रहे हैं। यह अभियान शहर को जाम-मुक्त बनाने और पैदल चलने वालों के लिए रास्ते साफ करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अब किसी तरह की नरमी नहीं बरती जाएगी, और उल्लंघन करने वालों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। यह कदम उन लोगों के लिए एक चेतावनी है, जो सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण करते हैं। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि भविष्य में भी यह अभियान जारी रहेगा।



### 38 अतिक्रमणकारियों के चालान कटने पर उड़े होश, प्रशासन में आया जोश

**मुजफ्फरनगर, 11 सितंबर (बु.)।** देर शाम नगर पालिका ने सड़क किनारे खड़े फास्टफूड, सब्जी और फल की अवैध रेहड़ियों पर जब चालानी कार्रवाई की गई तो अतिक्रमणकारियों ये सब देखकर सन्न रह गए, इस दौरान पालिका की टीम ने गेट नंबर 1 से लेकर बालाजी मंदिर, होली एंजिल स्कूल और ब्राह्मण स्कूल के साथ साथ सोल्जर बोर्ड के बाहर खड़े फल, अंडे के रेहड़ियों समेत 38 अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर चालान किया गया। जिनसे करीब 13 हजार 600 रुपए का हर्जाना भी वसूला गया है। हालांकि पालिका की इस कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदारों से पालिका की नोंकझोंक भी हुई, लेकिन पालिका की टीम की सख्ती के चलते छोटे बड़े सभी अवैध अतिक्रमणकारियों के चालान किए गए जिसके बाद से पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।

### झांसी की रानी रोड पर ट्रैफिक विभाग की कार्रवाई से मचा हड़कंप, दो वाहनों के चालान काटे

**मुजफ्फरनगर, 11 सितंबर (बु.)।** झांसी रानी रोड पर आज ट्रैफिक विभाग ने अचानक अभियान चलाकर ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने दो वाहनों का चालान किया, जिससे सड़क पर हड़कंप मच गया। ट्रैफिक पुलिस के उपनिरीक्षक राजेश कुमार, तरुण कुमार व देवकी नंदन सिंह ने मौके पर ट्रैफिक व्यवस्था के सुधार के लिए हाथों में माइक लेकर दुकानदारों को समझाया और बताया कि यह कार्रवाई विशेष रूप से उन वाहनों पर की जा रही है जो ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, जैसे कि रोड पर गलत तरीके से खड़े हैं, ऐसे में दो वाहनों के नो पार्किंग में चालान की कार्रवाई भी की गई। उन्होंने कहा कि इस तरह के अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे, ताकि लोगों में जागरूकता बढ़े और सड़क हादसों में कमी आए।



# बिना अनुमति चल रही फैक्ट्री सीज, जिलाधिकारी के आदेश पर की गई कार्रवाई

**मुजफ्फरनगर, 11 सितंबर (बु.)।** प्रदूषण विभाग ने बिना अनुमति लिए अवैध रूप से स्थापित एक प्लांट को संचालित कर वायु प्रदूषण फैला रही एक जनपद रोलिंग मिल पर कार्रवाई करते हुए मिल में लगे उपकरणों को सील किया गया। उक्त कार्रवाई संधावली अंडरपास, ग्राम सुजड़ू के निकट स्थापित संदर्भित स्लैग यूनिट पर की गई। इस कार्रवाई में नगर मजिस्ट्रेट, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिला उद्योग केन्द्र, उ.प्र. पावर कॉर्पोरेशन लि. एवं पुलिस प्रशासन के साथ संयुक्त समिति निरीक्षण कर की गई। निरीक्षण के समय इकाई में स्लैग मिल में स्लैग को क्रश कर पाउडर के रूप में परिवर्तित कर ट्रेडिंग का कार्य किया जाता है, स्लैग की क्रसिंग से जनित डस्ट की उत्सर्जन की रोकथाम हेतु वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था के रूप में कोई समुचित व्यवस्था स्थापित नहीं पायी गयी, जिससे अत्यधिक डस्ट उत्सर्जन होता हुआ पाया गया। उपस्थित इकाई प्रतिनिधि से इकाई संचालन के सम्बन्ध में उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सहमति प्रेषित किये जाने का अनुरोध किया गया है। परन्तु इकाई द्वारा संचालन हेतु कोई प्रपत्र प्रस्तुत नहीं किया जा सका। उपरोक्त के विरूद्ध सहमति न प्राप्त होने की दशा में जनहित एवं जनसमस्या को दृष्टिगत 05 स्लैग यूनिट का संचालन अवरुद्ध करते हुए बॉल मिल में स्थापित रोलर को सील किया गया एवं विद्युत आपूर्ति को बाधित करते हुए विद्युत विच्छेदन किया गया। यह कार्रवाई मुजफ्फरनगर जिलाधिकारी कार्यालय के पत्रांक 255/जी-48/विविध/मुजफ्फरनगर के द्वारा गठित संयुक्त समिति में गीतेश चन्द्र आरओ यूपीपीसीबी एमजेडएन, कुँवर संतोष कुमार एईई यूपीपीसीबी एमजेडएन द्वारा किया गया।



फैक्ट्री को सीज करने की कार्रवाई करती प्रदूषण विभाग की टीम

## ट्रैफिक विभाग के टीआई इन्द्रजीत सिंह को एसएसपी ने किया रिलीव

### उपनिरीक्षक राकेश कुमार को ट्रैफिक टीआई पद की कमान

**मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)।** गुरूवार को एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने जिले में तैनात ट्रैफिक विभाग के टीआई को रिलीव कर दिया है। अंडर ट्रांसफर व बेड एंट्री मिलने के बाद वह ट्रैफिक विभाग में टीआई के पद पर तैनात थे। उनके खिलाफ एसएसपी को लगातार शिकायतें मिल रही थी, जिसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने उन्हें गैर जनपद के लिए रवाना करने के आदेश जारी कर दिए हैं। उनके स्थानान्तरण के बाद उनके स्थान पर उप निरीक्षक राकेश कुमार को ट्रैफिक टीआई पद की कमान सौंपी गयी है। शहर में जाम व बेड एंट्री को लेकर टीआई के खिलाफ कई मामले प्रकाश में आए थे। जनपद में लम्बे समय से तैनात ट्रैफिक विभाग में टीआई के पद पर इन्द्रजीत सिंह का ट्रांसफर प्रयागराज पीएचक्यू में हो चुका था। अंडर ट्रांसफर होने के बावजूद उन्हें जनपद में टीआई की कमान सौंपी गयी थी। इसके अलावा तत्कालीन एसएसपी ने उनकी सेवा पुस्तिका में बेड एंट्री अंकित की थी। लगातार शिकायत मिलने व जाम की समस्या से जनपद को निजात न दिला पाने के कारण उनके विरुद्ध उक्त कार्यवाही की गयी है, इतना ही नहीं उनकी कार्यशैली पर एसएसपी संजय कुमार वर्मा भी नजर बनाए हुए थे। उनकी कार्यशैली से असंतुष्ट होकर एसएसपी ने उन्हें बुधवार को ट्रैफिक विभाग के टीआई इन्द्रजीत सिंह को गैर जनपद के लिए रिलीव कर दिया है। उनके स्थान पर अब ट्रैफिक विभाग के नए उप निरीक्षक राकेश कुमार होंगे।

### बिजनौर के महिला थाने में दरोगा चंद्रपाल सिंह की संदिग्ध मौत

**बिजनौर, 11 सितंबर (एजेंसी)।** बिजनौर जनपद के महिला थाने में तैनात दरोगा चंद्रपाल सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़-कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, मूल रूप से बरेली निवासी चंद्रपाल सिंह वर्तमान में बदायूं में रह रहे थे। उनकी तैनाती बिजनौर के महिला थाने में थी। सोमवार को उनकी मौत की खबर मिलते ही मौके पर एसपी सिटी संजीव वाजपेई पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए। महिला थाना परिसर में फॉरेंसिक टीम भी जांच के लिए बुलाई गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही पूरी स्थिति साफ हो पाएगी। इस घटना से पुलिस महकमे में गहरा शोक और चिंता का माहौल है। फिलहाल पुलिस अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं। सिपाही की सूचना पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार झा और एसपी सिटी संजीव बाजपेई पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

# बड़ी साजिश नाकाम, दिल्ली पुलिस ने पांच आतंकियों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस ने बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 4 राज्यों से 5 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। संदिग्ध आतंकियों के पास से भारी मात्रा में विस्फोटक और आईईडी बनाने वाले सामान बरामद हुए हैं। पुलिस ने दो को दिल्ली से, एक-एक को एमपी, तेलंगाना और झारखंड से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 8 लोगों से पूछताछ के बाद 5 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, ये पांचों आतंकी कई सोशल मीडिया साइट्स के जरिए पाकिस्तान स्थित आकाओं के संपर्क में थे। आतंकियों का सरगना दानिश, इस मॉड्यूल को चला रहा था। वह एन्क्रिप्टेड और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए पाकिस्तान में बैठे आकाओं के संपर्क में था। दिल्ली पुलिस के मुताबिक आतंकियों का यह ग्रुप भारत में युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें अपने साथ शामिल करने के लिए काम कर रहे थे। वे सभी देश के अलग-अलग हिस्सों में सांप्रदायिक हिंसा फैलाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर कई ग्रुप्स चला रहे थे। पुलिस ने ग्रुप हेड दानिश के पास से एक देसी पिस्टल, कारतूस, हाइड्रोक्लोरिक एसिड, नाइट्रिक एसिड, सल्फर पाउडर जैसे रसायन, कॉपर शीट, बॉल बेयरिंग, स्ट्रिप वायर, इलेक्ट्रॉनिक सर्किट, लैपटॉप, मोबाइल फोन और कैश बरामद किया है।



### ई-रिक्शा चालक की हत्या के मामले में दो आरोपियों को आजीवन कारावास

**मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)।** डीजीसी राजीव शर्मा व एडीजीसी रेणू शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 सितम्बर 2023 को शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला किदवईनगर से समीर की ई रिक्शा को गांव दुर्गनपुर के लिए आरोपी सुशील कुमार निवासी रथेड़ी थाना नई मंडी व विपु उर्फ दीपू उर्फ दीपक निवासी गढ़ी दुर्गनपुर किराए पर ले गए थे। इतना ही नहीं आरोपी ने समीर की हत्या कर शव को जंगल में छिपाकर उसकी ई रिक्शा लूट ली थी। उसके पिता सैय्यद हसन की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटी गयी ई रिक्शा बरामद की थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। इस मामले की सुनवाई एडीजे-5 कासिफ शेख के न्यायालय में हुई। न्यायालय में अभियोजन पक्ष की ओर से 10 गवाह पेश किए गए। न्यायालय ने सुनवाई करते हुए दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा न्यायालय ने प्रत्येक आरोपी को 40 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दण्डित किया है।

# सपा नेता ने की दबंगई, युवक को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा

**भोपा, 11 सितम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र में अक्सर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के साथ नजर आने वाले सपा नेता की दबंगई का मामला सामने आया है, जिसमें आरोपी सपा नेता ने साथियों से अपने शराब के ठेके पर सेल्समैन के रूप में नियुक्त युवक को उठवाकर बैंकेट हाल में बंधक बनाया और साथियों के साथ मिलकर युवक से तीन लाख रुपए की मांग करते हुए जबरदस्त मारपीट की। किसी के मौके पर आने की आहट सुनकर पीड़ित युवक किसी तरह वहां से बचकर भाग निकला और वीडियो वायरल कर कार्यवाही की गुहार लगाई। पुलिस ने पीड़ित का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक चोटिल युवक की वीडियो तेजी से वायरल हुई, जो पूरे जनपद में आग की तरह फैल गई। वायरल वीडियो में चोटिल युवक अपनी चोट दिखाते हुए चार आरोपियों पर मारपीट करने का आरोप लगाता हुआ नजर आ रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद पूरे जनपद में हड़कंप मच गया, जिसके बाद पीड़ित युवक नितिन निवासी मोरना भोपा थाने पर पहुंचा और तहरीर देते हुए बताया कि वह मोरना के प्रधानपति सर्वेंद्र राठी के बेहड़ा सादात स्थित शराब के ठेके पर सेल्समैन के रूप में नियुक्त है। पीड़ित के अनुसार ठेका मालिक सर्वेंद्र उर्फ मिंटू और उसका साथी टीटू काफी समय से उसपर अवैध शराब बेचने का दबाव बना रहे थे, लेकिन वह मना कर देता था। पीड़ित ने बताया कि बीते मंगलवार को वह शराब के ठेके पर मौजूद था, तभी टीटू और सर्वेंद्र का भतीजा रजत उसके पास आए और उसके साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौच करनी शुरू कर दी, जब उसने आरोपियों का विरोध किया तो आरोपियों ने उसे जबरदस्ती अपनी कार में डाल लिया और मोरना में शुक्रताल मार्ग पर स्थित एक बैंकेट हाल में ले गए, जहां पहले से ही सर्वेंद्र राठी और उसका साला बंटी मौजूद थे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसके बाद चारों आरोपी उसे बैंकेट हाल में पीछे की तरफ बने कमरे में ले गए और तीन लाख रुपए की मांग करते हुए उसके साथ लाठी डंडों और बैल्ट से जबरदस्त मारपीट की। पीड़ित के अनुसार मारपीट के बाद एक आरोपी ने उसकी कमर पर पिस्टल लगाकर उसपर तीन लाख रुपए होने की वीडियो भी बना ली, तभी किसी के आने की आहट पर चारों आरोपी बाहर गए और पीड़ित मौका पाकर वह वहां से भाग निकला, जिसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर सर्वेंद्र राठी उर्फ मिंटू, टीटू, रजत और बंटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।







1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## श्रीलंका, बांग्लादेश के बाद अब नेपाल

श्रीलंका में सरकार को हटाया गया, बांग्लादेश में तख्ता पलट हुआ, अब नेपाल की सरकार गयी। तीनों देशों में एक ही तरीका इस्तेमाल हुआ। सरकार विरोधी हिंसा और हिंसा के बाद तख्ता पलट। चर्चा यही है कि अमेरिकी डीप स्टेट तीनों देशों में हुई अशांति के पीछे है। कुछ नेताओं की अक़्ल पर लोग हैरानी जता रहे हैं, जो इन तीनों देशों की घटनाओं पर अपने देश की तरक्की और अम्न के खिलाफ बोल रहे हैं। सोशल मीडिया पर लोग ऐसे बद दिमाग नेताओं पर लानत भेज रहे हैं। नेपाल में बड़े पैमाने पर सरकारी इमारतों को निशाना बनाया गया। प्रदर्शनकारियों ने नेताओं के घरों पर हमला किया, सरकारी इमारतों को आग लगा दी और संसद भवन तक जला दिया। बाद में प्रधानमंत्री ने इस्तीफा दे दिया। अब तक 30 लोगों की मौत हो चुकी है, लेकिन विरोध की अगुवाई कर रहे 'जेन जी' समूहों ने हिंसा से खुद को अलग करते हुए कहा है कि आंदोलन को मौकापरस्त तत्वों ने हाईजैक' कर लिया है। सेना ने काठमांडू की सड़कों पर सुरक्षा कड़ी कर दी है। देश पिछले कई दशकों में सबसे बड़े असंतोष और अशांति के दौर से गुजर रहा है। सेना हालात को संभालने की कोशिश कर रही है, सेना ने चेतावनी दी है कि हिंसा और तोड़फोड़ में शामिल किसी को बख़्शा नहीं जाएगा। नेपाल में लोगों का कहना है कि भ्रष्टाचार नेपाल में बहुत लंबे समय से है। अब वक़्त आ गया है कि देश बदले। हम चाहते हैं कि इससे हमारे देश में कुछ सकारात्मक हो। नेपाल को स्वतंत्र राजनीतिक हस्तियों की जरूरत है। इस क्रांति के बाद लोगों में उम्मीद पैदा हो गई है, हमें बेहतर शासन की उम्मीद है। हमें लगता है कि यह नेताओं के लिए सबक है कि वे खुद को सुधारें, ताकि देश का भविष्य उज्ज्वल हो। बदलाव की उम्मीदों के बीच कई नेपाली लोगों ने कहा है कि जिस स्तर पर हिंसा और तोड़फोड़ हुई, उससे वो सदमे में हैं। निजी तौर पर कई नेपालियों का मानना है कि यह नहीं होना चाहिए था। सुप्रीम कोर्ट जैसी राष्ट्रीय धरोहर और बाकी इमारतों को जलाए जाने से बहुत से नेपाली सोच रहे हैं कि ये कौन लोग हैं, जो आंदोलन के नाम पर अपनी ही इमारतों को फूंक रहे हैं। कई नेपालियों को शक है कि यह कोई विदेशी साजिश है? कई प्रदर्शनकारियों ने भी आशंका जाहिर की कि आंदोलन को घुसपैठियों ने 'हाईजैक' कर लिया है। प्रदर्शनकारियों ने एक बयान जारी कर कहा कि हमारा आंदोलन अहिंसक था और है और यह शांतिपूर्ण नागरिक भागीदारी के उसूलों पर आधारित है। हम जमीनी स्तर पर हालात को ज़िम्मेदारी से संभालने, नागरिकों की सुरक्षा करने और सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करने' के लिए काम कर रहे हैं। पिछले हफ़्ते सरकार ने 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिनमें व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम और फेसबुक भी शामिल थे। यही फैसला विरोध प्रदर्शनों की वजह बना, लेकिन जल्द ही यह आंदोलन राजनीतिक वर्ग के खिलाफ गहरे असंतोष में तब्दील हो गया। प्रतिबंध से पहले सोशल मीडिया पर 'नेपो किड' कैंपेन चला, जिसमें नेताओं के बच्चों के ऐशो-आराम भरी ज़िंदगी और भ्रष्टाचार के लिए तीखी आलोचना की गई। सरकार ने जल्दबाजी में सोशल मीडिया बैन हटा लिया, लेकिन तब तक विरोध प्रदर्शन तेजी पकड़ चुके थे। नेपाल में रातों-रात भी नए 'जेन जी' ग्रुप बने हैं। यानी आवाजें कई दिशाओं से उठीं, लेकिन मकसद एक ही था, बदलाव और साफ नेतृत्व। नेपाल का सेना मुख्यालय, जिसे पहले 'जंगी अड्डा' कहा जाता है, वहाँ से आंदोलनकारियों को कहा गया कि वे अपनी माँगें साफ करके सामने रखें। जैसे ही यह औपचारिक बातचीत शुरू हुई, ऑनलाइन को-ऑर्डिनेशन तेज हो गया। चर्चा डिस्कॉर्ड तक पहुँची। आंदोलन के बाद प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने इस्तीफा दे दिया था। नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल अभी भी अपने पद पर बरकरार हैं। अब अंतरिम सरकार के गठन के लिए देश में कोशिशें शुरू हो गई हैं। भारत और चीन जैसे विशाल और ताकतवर देशों के पड़ोस में बसे नेपाल में दुनिया की आठ सबसे ऊंची चोटियां हैं, जिनमें माउंट एवरेस्ट भी शामिल है। नेपाल में इसे सागरमाथा कहा जाता है। भारत और नेपाल के बीच 1,751 किलोमीटर लंबी सरहद लगती है, जो सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से गुजरती है। दुनिया के सबसे गरीब देशों में शामिल नेपाल की अर्थव्यवस्था आर्थिक मदद और पर्यटन पर निर्भर करती है। साल 1959 में राजा महेंद्र बीर बिक्रम शाह ने लोकतांत्रिक प्रयोग को समाप्त कर पंचायत व्यवस्था लागू की थी। वर्ष 1972 में राजा बीरेंद्र बिक्रम शाह ने राजकाज संभाला। इसके करीब 17 साल बाद 1989 में एक बार फिर लोकतंत्र के समर्थन में जन आंदोलन शुरू हुआ और राजा बीरेंद्र बीर बिक्रम शाह को संवैधानिक सुधार स्वीकार करने पड़े। एक जून 2001 को नेपाल के राजमहल में हुए सामूहिक हत्याकांड में राजा, रानी, राजकुमार और राजकुमारियाँ मारे गए। उसके बाद राजगद्दी संभाली राजा के भाई ज्ञानेंद्र बीर बिक्रम शाह ने। फरवरी 2005 में राजा ज्ञानेंद्र ने माओवादियों के हिंसक आंदोलन का दमन करने के लिए सत्ता अपने हाथों में ले ली और सरकार को बर्खास्त कर दिया। साल 2006 और 2007 नेपाल के लिए कई बड़ी घटनाएं लेकर आया। नवंबर 2006 में सरकार ने माओवादियों के साथ शांति समझौते पर दस्तखत किए और लंबा चला हिंसक संघर्ष खत्म हुआ। जनवरी 2007 में माओवादी अस्थायी संविधान की शर्तों के तहत संसद में दाखिल हुए। इसी साल अप्रैल में माओवादी अंतरिम सरकार में शामिल हुए और राजनीतिक मुख्यधारा का हिस्सा बन गए। इसी साल वो अंतरिम सरकार से बाहर हो गए और राजशाही खत्म करने की मांग की। नवंबर में होने वाले चुनाव मुल्तवी कर दिए गए। दिसंबर 2007 में संसद ने माओवादियों के साथ हुए शांति समझौते के तहत राजशाही खत्म करने को मंजूरी दी, जो दोबारा सरकार में शामिल हो गए। मई 2008 में नेपाल गणराज्य बना और जुलाई में राम बरन यादव नेपाल के पहले राष्ट्रपति बने। अगस्त में माओवादी नेता पुष्प कमल दहल ने गठबंधन सरकार बनाई। साल 2008 के बाद के सालों में भी नेपाल में भी राजनीतिक घटनाक्रम जारी रहे, लेकिन साल 2015 के सितंबर में बड़ा मौका आया, जब संसद ने ऐतिहासिक संविधान पारित कर नेपाल को धर्मनिरपेक्ष देश घोषित किया। साल 2015 के अक्टूबर में केपी शर्मा ओली नए संविधान के तहत चुने गए पहले प्रधानमंत्री बने। गणतंत्र बनने के बाद नेपाल की राजनीति मूल रूप से तीन दलों के बीच घूम रही है और यह देश राजनीतिक रूप से अस्थिर ही बना हुआ है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'उम्र' 'चमचे' 'दिल' 'नाज'

उम्र इनकी न देखना यारो, हैं बड़े पर ये मेरे चमचे हैं,
दो मेरे आसपास रहते हैं,वो बड़ी चाल ढाल वाले हैं।
जो मुझे छोड़ कर गए, भागे, उनको दिल से निकाल बैठा हूँ,
बाकी चमचों पे नाज है मुझको, मेरे चमचे बहुत निराले हैं।


### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अशोक उर्फ हैप्पी मेरे कहने-सुनने में नहीं है। वह आवारा हो गया है और मेरी कोई बात नहीं मानता है। वह मेरे व मेरे परिवार के साथ लड़ाई- झगड़ा करता है। मैंने अपने पुत्र अशोक उर्फ हैप्पी से अपने सारे सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं तथा उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज से अशोक उर्फ हैप्पी से मेरा या मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता या सरोकार नहीं रहेगा। यदि भविष्य में अशोक उर्फ हैप्पी किसी से कोई लेन-देन करता है तो उसके लिए वो स्वयं जिम्मेदार रहेगा। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

जयपाल सिंह पुत्र तिरखा सिंह
निवासी- ग्राम- गुनियाजुड्डी, थाना-चरथावल
जिला-मुजफ्फरनगर

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पुत्र हर्ष लाटियान के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 9906, दिनांक 4/10/2012 में गलती से पिता का नाम रमन अंकित करा दिया गया था, जबकि वास्तविक एवं सभी अभिलेखों में मेरा नाम रमन चौधरी है और भविष्य में भी मुझे इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु सम्बंधित विभाग में आवदेन-पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है।

रमन चौधरी
60/988, अवध विहार, मुजफ्फरनगर
मो. 9457294702

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 9981, दिनांक 01/9/2022 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्री का नाम यशिका तोमर अंकित नहीं कराया गया था। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

निवेदक-
अमिता पत्नी विपिन कुमार
ग्राम- सादुल्लापुर, बागपत
मो. 6395999461

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्रीति शर्मा व रीकि शर्मा ये दोनों नाम मेरे हैं। इसलिए भविष्य में मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाये।

प्रीति शर्मा
60/492, कम्बल वाला बाग,
अवध विहार, मुजफ्फरनगर

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं Pawan Kumar Malik, निवासी मकान न० 101, गली न० 12, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि मैंने अपने नाबालिग बेटे का नाम Kanhaiya Malik S/o Pawan Kumar Malik से बदल कर Madhav Malik S/o Pawan Kumar Malik कर दिया है। पुराने पासपोर्ट में गलत जन्मतिथि 26-02-2007 अंकित है। मेरे नाबालिग बेटे की सही जन्मतिथि 26-02-2008 है। आगे से मेरा पुत्र Madhav Malik S/o Pawan Kumar Malik, जन्मतिथि 26-02-2008 से जाना जाएगा।




संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा


मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
**सम्पादक-अंकुर दुआ**
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com






## समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के अन्तर्गत एसडी इन्जीनिरिंग में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बुस.)।** समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के अन्तर्गत एसडी इन्जीनिरिंग कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी आयुक्त सहारनपुर मंडल एवं राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त प्रबुद्धजन सेवानिवृत आईएएस चौबे सिंह वर्मा, सेवानिवृत्त आईपीएस रंजन द्विवेदी, प्रो. एचओडी डीएवी कॉलेज मुजफ्फरनगर सुनीता शर्मा, प्रो. एण्ड हैंड कृषि विज्ञान केंद्र हंसराज सिंह, सेवानिवृत्त विभागीय अध्यक्ष लोक निर्माण विभाग मुजफ्फरनगर सलेक चंद्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंडलायुक्त अटल कुमार राय ने कहा कि विकसित भारत 2047 भारत सरकार का एक महत्त्वाकांक्षी दृष्टिकोण है, जिसका उद्देश्य भारत को 2047 तक, यानी स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ तक, एक विकसित राष्ट्र बनाना है। यह एक साझा राष्ट्रीय मिशन है, जिसमें सरकार, निजी क्षेत्र और आम नागरिकों की भागीदारी आवश्यक है। डीएम उमेश मिश्रा ने कहा कि इस विजन का प्रमुख उद्देश्य भारत को एक ऐसी स्थिति में लाना है, जहाँ भारत दुनिया की शीर्ष 3 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो। सभी नागरिकों के लिए जीवन स्तर उच्च हो और स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं तक उनकी पहुंच हो। भारत तकनीकी रूप से उन्नत हो और नवाचार के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व करे। मुख्य विकास अधिकारी कमल किशोर कंडारकर ने कहा कि इस अभियान में सरकार एक उत्प्रेरक की भूमिका निभा रही है। यह विभिन्न नीतियों और योजनाओं के माध्यम से विकास के लिए एक अनुकूल वातावरण बना रही है। मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, गति शक्ति, आत्मनिर्भर भारत, राष्ट्रीय क्वांटम मिशन, स्टार्टअप इंडिया, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का कार्यान्वयन, युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम आदि बहुत से कार्यक्रम विकसित भारत अभियान 2047 की ओर बढ़ते हुए कदम है। सेवानिवर्त्त आईएएस सीएस वर्मा ने कहा कि आज जो बीज हम शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में बो रहे हैं, वही 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाकर विश्व गुरु की श्रेणी में स्थापित करेंगे। 2047 का भारत वह होगा, जहाँ हर नागरिक को समान अवसर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएँ और रोजगार उपलब्ध होंगे। आईपीएस राजेश द्विवेदी ने कहा कि आजादी का अमृतकाल हमें केवल अतीत पर गर्व करना नहीं सिखाता, बल्कि भविष्य के लिए हमें महान संकल्प लेने को भी प्रेरित करता है, संकल्प एक विकसित भारत का। प्रो. सुनीता शर्मा ने कहा कि विकसित भारत-2047 एक ऐसा भारत होगा, जो परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम होगा, जहाँ संस्कृति की जड़ें गहरी होंगी और प्रगति की शाखाएँ आसमान छुएँगी। कृषि विज्ञान केन्द्र मुजफ्फरनगर के प्रभारी डॉ. हंसराज सिंह ने कहा कि 2047 का भारत वह होगा, जहाँ किसान समृद्ध होगा, मजदूर सम्मानित होगा और युवा आत्मनिर्भर होगा। इंजी. सलेक चंद ने कहा कि जब हर नागरिक जिम्मेदारी को अधिकार से पहले समझेगा, तभी 2047 तक भारत एक सशक्त और विकसित राष्ट्र बनेगा। शिक्षक राहुल कुशवाहा ने कहा कि भारत की असली ताकत उसके युवा हैं। राष्ट्रीय पुरुस्कार प्राप्त प्रधानाचार्य डॉ. विकास कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक शिक्षक को अपने बच्चों की क्षमताओं व प्रतिभा की कद्र करनी होगी, चाहे वह पढ़ाई, खेल, नाच, गाने, कला, अभिनय,व्यापार, खेती, बागवानी, मैकेनिकल, किसी भी क्षेत्र में हो, उन्हें उसी दिशा में अच्छा करने दें जिसमें वे करना चाहते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्सपर्ट वंदना गुलिया ने कहा कि एआई के क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं, आज का भारत स्टार्टअप्स, विज्ञान और नवाचार का केंद्र बन रहा है। शिक्षिका सुचित्रा सैनी ने महिलाओं के योगदान, राज्य पुरस्कार प्राप्त प्रधानाचार्या कंचन प्रभा शुक्ला, राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक वशिष्ठ भारद्वाज ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर अपने विचार दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडलायुक्त अटल कुमार राय व संचालन प्रधानाचार्य डॉ. विकास कुमार द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य आशीष द्विवेदी, रणबीर सिंह,दीपक गर्ग, चंद्रमोहन शर्मा आदि का सहयोग रहा।

## शताब्दी संकल्प@ 2047 के लिए मांगा मीडिया से सहयोग



**मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)।** विकास भवन सभागार में प्रबुद्धजन समिति अध्यक्ष चौब सिंह वर्मा सेवानिवृत्त आईएएस की मौजूदगी में संपन्न प्रेसवार्ता में अधिकारियों ने विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश को आत्म निर्भर बनाने की दिशा में मीडिया की सहभागिता पर जोर दिया। इस दौरान डीएम उमेश मिश्रा ने यूपी की बेहतरी व आत्मनिर्भर बनने की दिशा में शुरू प्रयासों से समाज के हर वर्ग को जोड़ने के साथ योगदान में सहभागिता पर मंथन करने के साथ आने वाली चुनौतियों को बेहतर बनाने के लिए सार्थक प्रयास किए जाने की जरुरत पर बल दिया। मंडलायुक्त अटल कुमार राय व डीएम उमेश मिश्रा ने इस दौरान बीते दो दिनों में विभिन्न संस्थाओं, सरकारी अफसरों, बुद्धिजीवियों, शिक्षकों, उद्यमियों, छात्रों और समाज के अन्य वर्गों से सरकार की पहल पर शुरू किए कार्यक्रम में विजन 2047 डॉक्यूमेंट्री प्रस्तुत करने के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान मीडिया से कई बिंदुओं पर अपने विचार साझा करते हुए इसमें और सुधारों की जरुरत पर बल दिया। कार्यक्रम में संपन्न संवाद सत्र में सुझाव लेने के साथ विशेष क्यूआर कोड के माध्यम से अपनी राय देने के साथ उउत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सुझाव ऑनलाइन अपलोड किए जाने का आह्वान किया। इस दौरान सभी ने संकल्प लिया कि विजन 2047 के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए देश-प्रदेश की बेहतरी, सुधारों एवं नई तकनीक के प्रयोग को जमीनी स्तर पर उतारने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएगे। अंत में डीएम उमेश कुमार मिश्रा ने सभी को धन्यवाद प्रदान किया। इस दौरान मुख्य रूप से ने की। समिति के अन्य विशिष्ट सदस्यों में मुख्य रूप से रंजन द्विवेदी सेवानिवृत्त डीजीपी, डॉ. सुनीता शर्मा (सदस्य), डॉ. हंसराज सिंह (वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र, सदस्य) तथा सलेक चंद (सेवानिवृत्त अभियंता, लोनिवि, सदस्य) के अलावा सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया आदि मौजूद रहे।

## कृषि सुधार एवं संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन चौ. छोटू राम पी.जी. कॉलेज में हुआ

**मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बुस.)।** इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबुद्धजन समिति के अध्यक्ष चौब सिंह वर्मा (सेवानिवृत्त आईएएस) ने की। समिति के अन्य विशिष्ट सदस्यों में रंजन द्विवेदी (सेवानिवृत्त डीजीपी, आईपीएस), डॉ. सुनीता शर्मा (सदस्य), डॉ. हंसराज सिंह (वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र, सदस्य) तथा सलेकचंद (सेवानिवृत्त अभियंता, लोनिवि, सदस्य) शामिल रहे। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि कमिश्नर सहारनपुर मण्डल अटल कुमार राय, डीएम उमेश मिश्रा, तथा एसएसपी संजय वर्मा सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की मेजबानी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. के.पी. सिंह ने की। इस अवसर पर जिले के प्रगतिशील किसान, जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया, डीडीए प्रमोद कुमार सिरोही, तथा कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विजन 2047 डॉक्यूमेंट्री प्रस्तुत की गई, जिसमें कृषि उत्पादन को दोगुना करने, कृषि क्षेत्र में तकनीकी नवाचार, जल संरक्षण, जैविक खेती, मूल्य संवर्धन एवं किसान-उद्यमिता को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। सभी अतिथियों एवं विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा करते हुए कृषि सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में संवाद सत्र के दौरान प्रतिभागियों से सुझाव आमंत्रित किए गए। इसी क्रम में एक विशेष क्यूआर कोड भी साझा किया गया, जिस पर आमजन अपनी राय एवं सुझाव ऑनलाइन अपलोड कर सकेंगे। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों, किसानों एवं विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि विजन 2047 के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु कृषि सुधारों एवं नई तकनीक के प्रयोग को जमीनी स्तर पर उतारा जाएगा। अंत में डीएम उमेश कुमार मिश्रा ने सभी को धन्यवाद प्रदान किया।



## वैश्य सभा ने अशोक कंसल का नई जिम्मेदारी पर किया स्वागत

**मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)।** संयुक्त वैश्य सभा जनपद मुजफ्फरनगर के संरक्षक एवं पूर्व विधायक अशोक कंसल वरिष्ठ प्रांत उपाध्यक्ष को वर्तमान में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने पूरे पश्चिमी जोन की राजनीतिक जिम्मेदारी दिए जाने से वैश्य समाज के साथ उनके समर्थकों में उत्साह दिखाई दिया। गुरूवार को वैश्य समाज के जिम्मेदार लोगों ने पूर्व विधायक अशोक कंसल को नई जिम्मेदारी मिलने पर इस बीच उनका माल्यार्पण व पटका पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मुख्य रूप से वैश्य सभा के संरक्षक सुनील सिंघल, सुरेंद्र अग्रवाल, प्रमोद मित्तल, अध्यक्ष संजय मित्तल, महामंत्री दिनेश बंसल, अनिल तायल, कोषाध्यक्ष विश्वदीप गोयल बिट्टू ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत खुशी की बात है कि हमारी वैश्य सभा के संरक्षक अशोक कंसल को इतना बड़ा दायित्व मिला है। वास्तव में वो बधाई के पात्र हैं। इसके साथ हम सब उम्मीद करते हैं कि आने वाले समय में इससे भी बड़ी जिम्मेदारी इनको मिले और जनपद की सेवा कर सकें।

## भोपा रोड व कूकड़ा में गरजा एमडीए का महाबली

### - क्षेत्र में चार स्थानों से करीब 25 बीघा भूमि को किया ध्वस्त



**मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)।** कुकुरमुत्ते की तरह जनपद में पनप रही अवैध कॉलोनियों के खिलाफ छेड़े अभियान के तहत मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण का महाबली उग्र रूप धारण किए हुए है। बीते कई दिनों से जनपद में शुरू अभियान के बीच एमडीए की टीम सैकड़ों बीघा भूमि पर हो रही प्लाटिंग को ध्वस्त करने के साथ शासन-प्रशासन की इस मंशा से ऐसे कारोबारियों को संदेश दे चुकी है। गुरूवार को इस कड़ी में एमडीए विभाग की टीम ने क्षेत्र में अभियान चलाते हुए करीब 25 बीघा अवैध प्लाटिंग को इस बीच ध्वस्त करते हुए प्रशासन की सख्ती का संदेश दिया। टीम की उक्त कार्रवाई से इस कारोबार में लगे कारोबारियों में हड़कंप सा मचा रहा। गुरूवार को मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की टीम ने एमडीए विकास क्षेत्र जोन-3 में सहारनपुर मंडलायुक्त की प्रेरणा एवं एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीना के आदेशों के अनुपालन में अवैध भू-स्वामी/प्लॉटिंगकर्ता सुनीता राठी पत्नी स्व. यशपाल राठी, श्याम बंसल पुत्र हरिओम आदि द्वारा खसरा नंबर 140 ग्राम कूकड़ा के बाहर हदूद रजवाहा पटरी भोपा रोड में करीब 6 बीघा, सुभाष, बिजेन्द्र, राजेन्द्र पुत्रगण हरपाल सिंह, संदीप गोयल, प्रदीप गोयल, संजू आदि द्वारा खसरा नंबर 334/2 ग्राम मुस्तफाबाद रजवाहा पटरी रोड में करीब 10 बीघा, पवन कुमार पुत्र कस्तूरी लाल मलिक एवं अंकित आदि द्वारा खसरा नंबर 343 ग्राम मुस्तफाबाद नाला पटरी रोड में लगभग 05 बीघा एवं इन्द्र रावत पुत्र स्व. देवी सिंह मुस्तफाबाद नाला पटरी रोड में करीब 4 बीघा भूमि में अनाधिकृत रूप से (प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये बिना) अवैध प्लॉटिंग के निर्माण को विकास प्राधिकरण द्वारा ध्वस्त किया गया। उक्त अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध प्राधिकरण द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किये गये थे। जिसमें चालानी कार्यवाही के बाद पूर्व में ध्वस्तीकरण के आदेश निर्गत किये गये थे, परन्तु अवैध प्लॉटिंग के भू-स्वामियों द्वारा स्थल से अवैध प्लॉटिंग को नहीं हटाया गया था। ऐसे में गुरूवार को मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण द्वारा मुजफ्फरनगर के जोन-3 में उक्त 04 स्थलों पर लगभग 25 बीघा भूमि पर अवैध रूप से विकसित की जा रही इन अवैध कॉलोनी के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई है। अवैध कॉलोनी ध्वस्तीकरण कार्यवाही के समय प्राधिकरण कार्यालय के सहायक अभियंता, अवर अभियंता एवं प्राधिकरण टीम के साथ सम्बन्धित थाने का पुलिस बल भी मौके पर उपस्थित रहा।



## जीएसटी टीम ने लगाया तीन लाख रूपये का जुर्माना

**खतौली, 11 सितंबर (बु.)।** ऑटो पार्ट्स विक्रेता प्रतिष्ठान पर बीती देर रात्रि तक चली छापेमारी कार्यवाही में जीएसटी टीम द्वारा माल सीज के साथ आर्थिक जुर्माने की कार्यवाही किये जाने से व्यापारियों में खलबली मच गयी। मिली जानकारी के अनुसार गत दिवस सांयकाल जीएसटी डिप्टी कमिश्नर मनोज शुक्ला के नेतृत्व में विभागीय टीम द्वारा जीटी रोड के बुढ़ाना तिराहे के निकट स्थित ग्रोवर ऑटो पार्ट्स प्रतिष्ठान पर अचानक छापेमारी की कार्यवाही प्रारम्भ की गई थी। इस दौरान विभागीय टीम द्वारा दुकान के स्टॉक व बिक्री आदि दस्तावेजों की जांच पड़ताल करते हुए खरीददारी व बिक्री की रकमों का बारीकि से मिलान किया। देर रात्रि तक चली छापेमारी की कार्यवाही से नगर क्षेत्र के व्यापारियों में हड़कम्प मचा रहा। डिप्टी कमिश्नर मनोज शुक्ला के कथनानुसार टीम द्वारा लगभग 23 लाख रूपये का माल सीज किया गया है। वहीं प्रतिष्ठान पर तीन लाख रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जीएसटी टीम द्वारा की गयी छापेमारी की कार्यवाही से जहां व्यापारियों में दिनभर चर्चा का दौर बना रहा, वहीं व्यापारी वर्ग में खलबली बनी रही।

## एसएसपी से मिला विद्युत विभाग का संगठन



इंजीनियर्स संगठन की जिला इकाई ने संगठन के जिलाध्यक्ष इंजी. बीबी गुप्ता ने एसएसपी संजय वर्मा को बताया कि विद्युत दुर्घटना में संविदाकर्मी जितेन्द्र की मौत के बाद उसी गांव के कुछ लोगों ने उप केंद्र

**मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)।** गुरूवार को राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन की जिला इकाई ने नगर मुख्यालय स्थित एसएसपी कार्यालय पर पहुंच एसएसपी संजय वर्मा से मुलाकात करते हुए उक्त मामले में न्याय की मांग की। एसएसपी से मिले अधिकारी-कर्मचरियों ने बीते दिवस 33 केवी उप केंद्र दूधली पर विद्युत दुर्घटना में हुई एफआईआर को न्यायसंगत न बताते हुए ड्यूटी पर तैनात जेई और ऑपरेटर पर जानलेवा हमला करने वाले दोषियों पर कठोर कार्रवाई कराए जाने की मांग की। राज्य विद्युत परिषद जूनियर पर पहुंचकर ड्यूटी पर तैनात ऑपरेटर अरुण कुमार और जेई राजकुमार न जानलेवा हमला किया और मारपीट की। इस मामले में बड़ी मुश्किल में इन लोगों ने अपनी किसी तरह से जान बचाई। उन्होंने बताया कि इस मामले में बाद में रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद ड्यूटी पर तैनात जेई व ऑपरेटर को जेल भेज दिया गया। ऐसे में विभागीय अधिकारी-कर्मचारी ड्यूटी करने में असहज हो रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कर्मियों की सुरक्षा की गारंटी के साथ मारपीट के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती तो संगठन आंदोलन को विवश होगा।



## 23 वर्ष बाद मिला कई किसानों को मुआवजा

**बुढ़ाना, 11 सितम्बर (बु.)।** लगभग 23 वर्षों के एक लंबे इंतजार के बाद बुढ़ाना क्षेत्र के कई किसानों को बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना तहसील परिसर में आयोजित किए गये एक समारोह में उनकी जमीन का पूरा मुआवजा मिल गया है। पूर्व विधायक उमेश मलिक के अथक प्रयासों के बाद ही किसानों को यह मुआवजा दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के अंतर्गत पिछले 23 वर्षों से किसानों को जमीन का मुआवजा न मिलने के कारण बुढ़ाना के पूर्व विधायक उमेश मलिक के अथक प्रयासों के बाद गांव बड़ौदा के किसानों को 13 करोड़ रुपये के करीब का मुआवजा जो कि लगभग पिछले 23 वर्षों से लंबित पड़ा हुआ था, वह आज इन पीड़ित किसानों को मिल गया है।

बताया जाता है कि गांव बड़ौदा में लोअर खंड पूर्वी यमुना नहर चोगामा परियोजना के तहत 2002 और 03 में निकाली गई नहर जो भड़ल माइनर एवं मिलाना माइनर है। मुआवजा आज 22 वर्ष बाद किसानों को मिला है। सभी को चैक वितरित किए गये। इस दौरान समारोह में मुख्य रूप से एडीएम फाइनेंस गजेंद्र सिंह, बुढ़ाना एसडीएम अपूर्वा यादव, सहकारी बैंकों के सभापति ठाकुर रामनाथ सिंह, गांव बड़कता के प्रधान पति आशीष चौहान और हिमांशु संगल सहित बड़ौदा के कई कृषक मौजूद रहे।

## डीएम दरबार में पहुंची जनपद जाट महासभा की लड़ाई

**मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)।** जनपद जाट महासभा के नाम और बैनर का एक व्यक्ति विशेष द्वारा संस्था के कालातीत घोषित होने के बावजूद अवैध उपयोग किए जाने को लेकर जाट महासभा के जिम्मेदार लोगों ने डीएम उमेश मिश्रा से मुलाकात की। इसके साथ ही जनपद जाट महासभा को पंजीकृत सामाजिक संस्था के दस्तावेज दिखाते हुए उसके संविधान के अनुसार प्रत्येक तीन वर्षों में नई कार्यकारिणी का गठन अनिवार्य बताते हुए इसमें दखल दिए जाने की मांग की। गुरूवार को डीएम उमेश मिश्रा को सौंपे शिकायती पत्र में जनपद जाट महासभा के पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर बालियान ने बताया कि वर्ष 2022 में कार्यकारिणी गठन के दौरान जगदीश बालियान द्वारा स्वयं को अध्यक्ष घोषित कर दिए जाने के कारण संस्था में विवाद उत्पन्न हो गया था। इस संदर्भ में जयवीर सिंह ने सहायक रजिस्ट्रार कार्यालय, सहारनपुर में शिकायत दर्ज कराई गई। जांचोपरांत संस्था संरक्षक मंडल द्वारा बहुमत के आधार पर जगदीश बालियान एवं उनकी समिति को अवैध घोषित कर बर्खास्त कर दिया गया तथा धर्मवीर बालियान को अध्यक्ष नियुक्त कर नई कार्यकारिणी भी गठित कर दी गई थी, जिसकी सूचना सहायक रजिस्ट्रार को भेज दी गई थी। उन्होंने बताया कि प्रकरण की जांच हेतु सहायक रजिस्ट्रार द्वारा एसडीएम सदर को पत्र भेजा गया। इस बीच 5 जून को संस्था कार्यकारिणियों का कार्यकाल समाप्त हो गया। दोनों पक्षों द्वारा सहायक रजिस्ट्रार को नये चुनाव की मांग की गई, जिस पर सहायक रजिस्ट्रार, सहारनपुर ने संस्था को "कालातीत" घोषित कर दिया तथा संस्था से संबंधित किसी भी प्रकार के नीतिगत निर्णय लेने पर रोक लगा दी। उन्होंने आरोप लगाया कि खेद का विषय है कि अब जगदीश बालियान ने उपरोक्त आदेशों की अवहेलना करते हुए संस्था के नाम व बैनर का उपयोग कर 14 सितम्बर को एक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है, जो पूर्णतः अवैध है। जनपद जाट महासभा ने इस कार्यक्रम को रोके जाने की मांग की। दोनों पक्षों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि संस्था के कालातीत होने की स्थिति में कोई भी पक्ष संस्था के नाम, पद, अथवा बैनर का उपयोग नहीं कर सकता। ऐसे में 14 सितम्बर को होने वाले प्रस्तावित कार्यक्रम को तत्काल प्रभाव से रोकने की मांग की। इस दौरान पूर्व महासचिव ओमकार अहलावत, जयवीर सिंह आदि मौजूद रहे।



## धनगर समाज ने घेरी कलेक्ट्रेट, दिया धरना, सौंपा ज्ञापन



**मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)।** गुरूवार को धनगर समाज उत्थान समिति के बैनर तले दर्जनों लोगों ने डीएम दरबार में पहुंच विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान डीएम उमेश मिश्रा के नाम सौंपे ज्ञापन में धनगर समाज के लोगों ने मंडल अध्यक्ष रवि कुमार धनगर एवं जिला अध्यक्ष लोकेश कुमार धनगर ने जिला प्रशासन से धनगर समाज के लोगों के जाति प्रमाण-पत्र जारी न करने में तहसील प्रशासन द्वारा की जा रही मनमानी किए जाने के गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई। धनगर समाज उत्थान समिति की ओर से सौंपे ज्ञापन में सवाल उठाए कि धनगर जाति के लोगों का प्रमाण पत्र तहसील प्रशासन द्वारा किस कारण नहीं बनाया जा रहा है, इसका जवाब किसी के पास नहीं। वहीं धनगर समाज के जाति प्रमाण पत्र को न जारी करने के लिए जिला प्रशासन को उत्तर प्रदेश शासन/ न्यायालय द्वारा कोई लिखित आदेश प्राप्त हुआ है, जिस कारण प्रमाण पत्रों को रोका जा रहा है। इस दौरान धनगर समाज उत्थान समिति के मंडल अध्यक्ष रवि कुमार धनगर ने स्पष्ट किया कि धनगर जाति के लोगों का प्रमाण पत्र तहसील प्रशासन की ओर से जारी नहीं किए जाने की स्थिति में समाज धरना प्रदर्शन को विवश होगा। इस दौरान मुख्य रूप से लोकेश कुमार, नकली सिंह, सतीश धनगर, प्रेमचंद, सरिता, आनंद धनगर, अनुज, सोनू, मेनपाल, विनोद फौजी, नरसिंह, अमित, सतीश, आशीष, संदीप, मन्नू, प्रदीप, अमित, देव कुमार, इन्द्रपाल, चरण सिंह, जयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## नगर पंचायत बुढ़ाना बोर्ड की हुई बैठक में कस्बे के चहुंमुखी विकास हेतु 2 करोड़ के 55 प्रस्ताव पास



**बुढ़ाना, 11 सितम्बर (बु.)।** बृहस्पतिवार को दोपहर के समय बुढ़ाना नगर पंचायत के सभागार में बोर्ड की एक बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता चेयरपर्सन उमा त्यागी और संचालन ईओ आलोक रंजन ने किया, जिसमें लगभग सब सभासदों के द्वारा बुढ़ाना कस्बे के चहुंमुखी विकास के लिए पूरे 55 प्रस्ताव जिनकी अनुमानित लागत 02 करोड़ रुपए है, सदन में सर्व सम्मति से पारित किये गये। बैठक में नगर पंचायत बुढ़ाना में 02 अन्नूपर्णा भवनों के निर्माण के साथ-साथ सभी 17 वार्डों में नाली और सड़क आदि विकास कराये जाने के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किये गये। गृहकर नकल जारी करने एवं नाम परिवर्तन शुल्क में वृद्धि किये जाने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित हुआ। निकाय क्षेत्र के अन्तर्गत अन्य 39 लाईसेन्सिंग शुल्क लगाये जाने के लिए आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया जाना स्वीकार किया गया। यहां बैठक में सभासदों में ऊषा चौहान, सुनीता देवी, सुमन सिंह, फरीदा उस्मानी, पुष्पा पाल, नूरजहां उर्फ नाज मंसूरी, साबरा कुरैशी, सलीम कुरैशी, योगेश प्रजापति, नितिन शर्मा, नियम पंवार, गुलफाम खान, नसीम सिद्दीकी, इमरान कुरैशी, राशिद कुरैशी भूरु, अजय संगल एवं नगर पंचायत कार्यालय के लिपिक सतीश कुमार और सुधीर कुमार आदि उपस्थित रहे।



## ग्राम प्रधानों के नेतृत्व में डीएम कार्यालय पहुंचे ग्रामीण

**मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)।** पुरकाजी क्षेत्र के ग्राम उल्हेड़ी, भूराहेड़ी, खेड़ा जट व सलेमपुर आदि गांव के ग्रामीणों ने गुरूवार को डीएम दरबार में पहुंच क्षेत्र में दबंगों द्वारा सिंचाई विभाग के नाले को निजी स्वार्थ के लिए बंद करते हुए उस भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने उक्त नाले के बंद हो जाने से स्थानीय किसानों की फसलों को बर्बाद होने के आरोप लगाते हुए जनहित में उक्त बंद किए नाले को फिर से खुदाई करते हुए खोले जाने की मांग की। गुरूवार को डीएम दरबार में पहुंचे जनपद के पुरकाजी क्षेत्र के ग्राम उल्हेड़ी, भूराहेड़ी, खेड़ा जट व सलेमपुर आदि गांव के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान विवेक कुमार हरैंटी, भूराहेडी प्रधान रेनु सिंह, उल्हेड़ी प्रधान रूमा सिंह, भोजाहेड़ी ग्राम प्रधान देवेन्द्र कुमार आदि के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने डीएम उमेश मिश्रा से कलेक्ट्रेट में मुलाकात की। इस दौरान ग्राम प्रधानों ने सिंचाई विभाग के नाले को एक कालोनाइजर द्वारा बंद कर दिए जाने का आरोप लगाते हुए इससे किसानों की फसलों की हो रही बर्बादी की ओर ध्यान दिलाया। साथ ही जनहित में इस बंद कराए गए नाले को फिर से खुदाई कराकर कब्जामुक्त कराए जाने की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से बिजेन्द्र सिंह, मौ. मुर्जजा, अमरपाल, अतर सिंह, सोहन वीर, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार, देवेन्द्र सिंह, शिवकुमार, अरविन्द कुमार, प्रमोद कुमार, कुलदीप, सोमपाल, सुधीर, विश्वजीत, विकास राठी आदि मौजूद रहे।

**माँ वैष्णो देवी यात्रा हादसा**

# वैष्णो देवी में पैरों से घायल हुए पीड़ितों का मानवता के नाते नि:शुल्क ऑपरेशन करेंगे डॉ. मुकेश जैन, डॉ. अनुभव जैन

**▶▶ घायलों के उपचार को आगे आए मंत्री कपिल देव अग्रवाल ▶▶ वर्धमान हॉस्पिटल में इलाज की कराई नि:शुल्क व्यवस्था**
**▶▶ चिकित्सक डॉ. मुकेश जैन के प्रयासों की चहुंओर हुई प्रशंसा ▶▶ मृतक परिवारों को दी 50 हजार रुपए की आर्थिक मदद**

**मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)।** बीते दिनों जम्मू कश्मीर के कटरा में मां वैष्णो देवी यात्रा के दौरान हुए भूस्खलन की आपदा में मृतक तीर्थ यात्रियों के परिवारों के साथ अब योगी सरकार के मंत्री कपिल देव खड़े हो गए हैं। गुरूवार को उन्होंने अपने वादे के बीच पीड़ित परिवार को न केवल आर्थिक सहायता राशि सौंपी, बल्कि परिवार के घायल मुखिया का बेहतर उपचार कराने के लिए उसे खुद प्रसिद्ध वर्धमान हॉस्पिटल में भर्ती कराया। उनके आग्रह पर वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश जैन ने फ्री उपचार का भरोसा दिया। परिवार ने मंत्री कपिल देव और चिकित्सक का आभार प्रकट किया।

नगर के मौ. दक्षिणी रामपुरी से धर्मवीर प्रजापति के साथ 23 लोगों का एक दल मां वैष्णो देवी यात्रा पर गया था, जहां बीते 26 अगस्त में कटरा अर्धकुमारी के पास अचानक हुए भूस्खलन में इस दल में शामिल दो छोटे भाईयों अनंत और दीपेश, मां-बेटी रामबीरी व अंजलि तथा मन्तेश व आकांक्षा की मौत हो गई थी। वहीं मृतक अनंत के पिता अजय प्रजापति और छोटी बहन छह वर्षीय पूरवी गंभीर रूप से घायल हुए थे। अजय प्रजापति और उसकी बेटी के पैर में गंभीर चोट आई है। गुरूवार को योगी सरकार में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल पीड़ित लोगों के प्रति संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण





का परिचय देते हुए माँ वैष्णो देवी यात्रा के दौरान हुए दुःखद हादसे में गंभीर घायल श्रद्धालु अजय प्रजापति को स्वयं अपनी देखरेख में नई मंडी जानसठ रोड स्थित वर्धमान हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। मंत्री ने उनकी बेहतर चिकित्सा सुनिश्चित करने हेतु प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. मुकेश जैन से मुलाकात करते हुए घायल अजय प्रजापति का चिकित्सकीय परामर्श कराया। मंत्री के आग्रह पर डॉ. मुकेश जैन ने सराहनीय निर्णय लेते हुए घायल अजय का उपचार पूर्णतः निःशुल्क करने की घोषणा की। डॉ. मुकेश जैन का निर्णय समाज के प्रति चिकित्सकों की सेवा भावना एवं मानवीय मूल्यों का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करता है। मंत्री कपिल देव ने अस्पताल पहुंचकर घायल के परिवारजनों से मुलाकात की, उनके दुःख में सहभागी बने और उन्हें हर परिस्थिति में सहयोग का आश्वासन दिया। मंत्री कपिल देव ने कहा कि इस कठिन समय में हम सबको मिलकर पीड़ित परिवार के साथ खड़ा होना है। संकट की घड़ी में सहयोग और संवेदना ही सबसे बड़ा संबल है। राज्य सरकार और भाजपा हर प्रकार की मदद के लिए सदैव तत्पर है। वहीं मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने इस हादसे में दिवंगत श्रद्धालुओं के परिजनों की सहायता हेतु व्यक्तिगत रूप से 50,000 की आर्थिक सहयोग राशि प्रदान की। इस सहयोग का उद्देश्य शोकाकुल परिवारों को तत्काल राहत और संबल प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि ऐसी दुःखद घटना समाज को एकजुट होकर मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करने का संदेश देती हैं। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीड़ितों व उनके परिजनों को आवश्यक सुविधाएं व सहायता समय से उपलब्ध कराई जाए।



**डॉ. मुकेश जैन ने कहा –** "यह हमारा मानवता के प्रति कर्तव्य है। हम सभी पीड़ितों को अपनी सेवाएं मुफ्त में देंगे, ताकि वे जल्द से जल्द ठीक हो सकें और सामान्य जीवन जी सकें।"



**डॉ. अनुभव जैन ने कहा** "हमारी टीम ने तुरंत पीड़ितों के इलाज की तैयारी कर ली है और वे जल्द ही ऑपरेशन शुरू कर देंगे। उन्होंने आगे कहा कि "हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक घायल व्यक्ति को बिना किसी वित्तीय बोझ के सर्वोत्तम इलाज मिले।"

## गोदाम से चोरी करने वाले चोर का पूछताछ के बाद चालान

**मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)।** शहर कोतवाली पुलिस ने गोदाम से चोरी करने वाले चोर को गिरफ्तार कर उसके द्वारा बताई गयी जगह से चोरी का सामान बरामद कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए चोर से पूछताछ की और इसके बाद उसके विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी उमेश रोरिया ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर निवासी दिलशाद ने पुलिस को जानकारी दी थी कि उसकी ढ़लाई की फैक्ट्री में अज्ञात चोरों ने चोरी की है। इस पर पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी थी। गुरूवार को पुलिस ने चोर सरताज निवासी मदीना कॉलोनी, निवासी संधावली, थाना मन्सूरपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार चोर के पास से एक रेहड़ा, चार बाट, 1 बेल्ट पुली, दो कट्टे डेगचून स्क्रेप, एक गैस सिलेन्डर, एक कूलर मोटर व एक कैमरा भी बरामद किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर जेल भेज दिया।

## तारीख पर आए सभासद का मोबाइल बंदर ने छीना

**बुढ़ाना, 11 सितम्बर (बु.)।** मुजफ्फरनगर शहर के एक सभासद का एक कीमती मोबाइल फोन एक उत्पाती बंदर ने उस समय तेजी से झपट्टा मारकर छीन लिया, जब वह किसी से बात कर रहे थे। एक आरक्षी ने कड़ी मेहनत कर मोबाइल बंदर से वापस लिया और सभासद नौशाद को सौंप दिया। मुजफ्फरनगर शहर के मौहल्ला खालापार के निवासी सभासद नौशाद कुरैशी बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना तहसील परिसर में स्थित सिविल कोर्ट में किसी एक मुकदमे की तारीख लेने आए थे। दोपहर 01 बजे उनके मोबाइल पर किसी की कॉल आई, तो वे सिविल कोर्ट के बाहर बात करने लगे, तभी एक उत्पाती बंदर ने सभासद को डराकर उनका मोबाइल छीन लिया और तहसीलदार आवास की छत पर चढ़ गया। सभासद ने बंदर से अपना मोबाइल फोन मांगा, तो वह छतों के रास्ते कहीं का कहीं निकल गया। परेशान सभासद ने किसी मुलजिम को मुजफ्फरनगर जेल से पेशी पर लेकर कोर्ट में आए दारोगा रमित कुमार को इसकी जानकारी दी, तो पुलिस बंदर को ढूंढने लगी। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिसकर्मियों ने बंदर को एसडीएम न्यायालय के पास पहुंचकर खोज निकाला और बंदर की काफी मान मनोव्वल की, तो बंदर ने मोबाइल फोन फैंक दिया और चला गया। सिपाही ने मोबाइल जमीन से उठाकर सभासद को दिया, तो सभासद की जान में जान आई और उन्होंने इसके लिए पुलिस का शुक्रिया अदा किया। इस दौरान यहां पर दर्जनों लोगों की भीड़ जमा रही, जिन्होंने बंदर के साथ खूब चटखारे लिए।

**कांस्टेबल ने कड़ी मेहनत कर बंदर से वापस लिया मोबाइल**

## लखनऊ में भीषण हादसा, बेकाबू रोडवेज बस पलटी, पांच की मौत, कई यात्री घायल

**लखनऊ, 11 सितंबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के काकोरी इलाके में गोलाकुआं के पास गुरुवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। कैसरबाग डिपो की रोडवेज बस हरदोई से लखनऊ की ओर जा रही थी। बस अचानक बेकाबू होकर खाई में पलट गई। टैंकर की टक्कर के बाद बस के बेकाबू होने की बात सामने आई है। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब एक दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। कई लोग बस के नीचे दब गए थे। उन्हें पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस तेज रफ्तार में थी। काकोरी के गोलाकुआं के पास बस की टैंकर से टक्कर हो गई। इससे चालक ने बस से नियंत्रण खो दिया। बस पहले सड़क किनारे खड़े लोगों को अपनी चपेट में लेती चली गई और फिर 20 फीट गहरी खाई पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि आसपास अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही काकोरी पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने भी बचाव कार्य में मदद की। क्रेन की मदद से बस को सीधा कर दबे हुए यात्रियों को बाहर निकाला गया। घायलों को नजदीकी अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। कई की हालत नाजुक बताई जा रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे संज्ञान लिया है। उन्होंने बस हादसे पर दुख जताते हुए अफसरों को मौके पर जाकर राहत कार्य तेज करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों के अस्पताल में इलाज कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।



## बिना अनुमति चल रहा रक्तदान शिविर का भंडाफोड़

**पुरकाजी, 11 सितंबर (बु.)।** चरथावल थाना क्षेत्र के गांव कुटेसरा में ग्रामीणों की शिकायत पर एक रक्तदान शिविर पकड़ा गया। भाकियू के नेता सिद्धार्थ के आवास पर उक्त शिविर लगाया हुआ था जो कि सहारनपुर की एक प्राइवेट लैब टीम के द्वारा बिना अनुमति चोरी छिपे लगाया गया था। मौके पर जब स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची और छापामारी की तो वहां से 10 यूनिट ब्लड बरामद किया गया। पुलिस ने कैम्प में मौजूद पांच सदस्यीय टीम से पूछताछ की तो कोई भी सदस्य संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। स्वास्थ्य विभाग ने पूरे मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि उक्त मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद प्राइवेट लैब व उक्त रक्तदान शिविर संचालकों पर उचित कार्यवाही की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि यदि जिले में किसी ने भी बिना अनुमति के कोई रक्तदानशिविर लगाने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जायेगा। फिलहाल कैम्प से बरामद 10 यूनिट ब्लड को जिला चिकित्सालय लाया गया और प्राइवेट लैब से पूरी जानकारी हासिल की जा रही है।

**भाकियू के नेता सिद्धार्थ के आवास पर लगाया गया था रक्तदान शिविर**

## नेपाल में फिर बवाल, जेल तोड़कर भाग रहे कैदियों पर सेना ने बरसाई गोलियां

**काठमांडू, 11 सितंबर (एजेंसी)।** नेपाल में केपी ओली सरकार गिरने के बाद नई अंतरिम सरकार बनाने की कोशिश जारी है। प्रदर्शनकारी युवाओं ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजे) सुशीला कार्की को सरकार के अंतरिम नेता के रूप में स्वीकार किया है। नेपाल सेना (एनए), राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और सुशीला कार्की के बीच बैठक होनी है। बैठक में अंतरिम सरकार के गठन को अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है। वहीं देश में राजशाही की वापसी के संकेतों पर विरोध शुरू हो गया है। पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की और राजशाही समर्थक दुर्गा प्रसाद गुरुवार को भारी सुरक्षा के बीच सेना मुख्यालय ले जाया गया है। अंतरिम सरकार की हेड के तौर पर कार्की के नाम पर सहमति बनती नजर आ रही है, लेकिन दुर्गा प्रसाद की मौजूदगी से गफलत हुई है। ऐसे में काठमांडू की स्थिति अभी भी अस्थिर बनी हुई है। बृहत नागरिक आंदोलन ने कहा है कि राजशाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बृहत नागरिक आंदोलन (बीएनए) ने कहा है कि नेपाल सेना की मध्यस्थता में राजशाही बहाल करने या धर्मनिरपेक्षता को खत्म करने का कोई भी प्रयास स्वीकार नहीं की जाएगा। गुरुवार को एक बयान जारी करते हुए बीएनए ने कहा कि हालिया राजनीतिक घटनाक्रम एक बड़े एजेंडे की तरफ इशारा करता है। इससे हमारी चिंताएं बढ़ गई हैं। समूह ने कहा कि जेन-जी विरोध प्रदर्शन गणतंत्रवाद और धर्मनिरपेक्षता को मजबूत करने के लिए है। आंदोलन ने जोर देकर कहा कि युवा सेना या राजा को सशक्त बनाने के लिए सड़कों पर नहीं उतरे थे। राजशाही समर्थक किसलिए बातचीत का हिस्सा हैं। ऐसी बातचीत तुरंत बंद करनी चाहिए। भविष्य की राजनीतिक चर्चाएं केवल राष्ट्रपति के नेतृत्व में होनी चाहिए। नेपाल के हालिया घटनाक्रम से सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार की कमान मिलने की काफी ज्यादा संभावना दिख रही है। सुशीला कार्की के नाम पर नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश होने का कीर्तिमान है। कार्की ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और त्रिभुवन विश्वविद्यालय से पढ़ाई की है। कानून की पढ़ाई के बाद उन्होंने वकालत शुरू की और चीफ जस्टिस बनने तक का सफर तय किया गया। नेपाल के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि हालिया विरोध प्रदर्शनों के दौरान अब तक 34 लोगों की मौत हो चुकी है।

## बझेड़ी रोड पर दो हॉस्पिटल सील

**▶ मदीना चौक स्थित लाईफ लाइन हॉस्पिटल पूरी तरह अवैध**
**▶ कमियां पाये जाने पर निजामुद्दीन चैरिटेबिल ट्रस्ट हॉस्पिटल सीज**

**मुजफ्फरनगर, 11 सितंबर (बुस.)** जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर के कठोर आदेशों और मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशों पर, स्वास्थ्य विभाग ने आज बझेड़ी रोड पर दो अस्पतालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य जिले में चल रहे चिकित्सा संस्थानों में पारदर्शिता और नियमों का पालन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के दौरान, मदीना चौक के पास स्थित लाइफ लाइन हॉस्पिटल को पूरी तरह से अवैध पाया गया, क्योंकि यह मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के साथ पंजीकृत नहीं था। इस गंभीर अनियमितता के कारण अस्पताल को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है। वहीं, पास में स्थित निजामुद्दीन चैरिटेबल ट्रस्ट हॉस्पिटल, जो कि एक पंजीकृत संस्थान है, के निरीक्षण के दौरान कुछ महत्वपूर्ण कमियाँ पाई गईं। विशेष रूप से, मरीजों की फाइलों और एनेस्थीसिया के नोट्स में कमी मिली, जो चिकित्सा प्रोटोकॉल के अनुसार अनिवार्य हैं। इस लापरवाही को देखते हुए, अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर (ओटी) को सील कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए की गई है। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी, चाहे संस्थान पंजीकृत हो या न हो, नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी अस्पताल को बख्शा नहीं जाएगा।

## मोबाइल लूट प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)।** शहर कोतवाली पुलिस ने मोबाइल लूट के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से से लूटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी उमेश रोरिया ने बताया कि थाना क्षेत्र से इंद्रा कॉलोनी निवासी कनक मित्तल का मोबाइल अज्ञात बदमाश लूटकर फरार हो गए थे। जिसकी रिपोर्ट कनक मित्तल के पिता अनिल कुमार मित्तल ने दर्ज कराई थी। पिता द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर पुलिस ने लूट की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। गुरूवार को पुलिस ने मोबाइल लूटने वाले आरोपी कृष, निवासी बुढ़ाना मोड व हिमांशु निवासी साकेत कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया। इतना ही नहीं पुलिस ने उनके पास से लूटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों से पूछताछ के बाद चालानी कार्रवाई करते हुए दोनों को जेल भेज दिया।

## वाराणसी में पीएम मोदी का दौरा, अजय राय समेत कांग्रेस के 100 से ज्यादा नेता हाउस अरेस्ट

**वाराणसी, 11 सितंबर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरूवार को वाराणसी का दौरा करेंगे। पीएम के इस दौरे के चलते सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। वाराणसी में आज भारत और मॉरीशस के बीच ऐतिहासिक द्विपक्षीय वार्ता होटल ताज में होनी है। इसी बीच पीएम मोदी के कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शन की संभावना के चलते पुलिस ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अजय राय को गुरूवार को हाउस अरेस्ट किया है। पीएम के दौरे के दौरान वोट चोरी को लेकर प्रदर्शन की संभावना के बीच अजय राय समेत कांग्रेस के 100 से ज्यादा नेताओं को हाउस अरेस्ट किया गया है। अजय राय ने हाउस अरेस्ट किए जाने की एक वीडियो सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट की। उन्होंने साथ ही पोस्ट में लिखा, पुलिस भेजकर हमें रोकना, कार्यकर्ताओं की आवाज दबाना — ये लड़ाई को रोक नहीं पाएगा, ये वोट चोरों को बचा नहीं पाएगा। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस का हर बब्बर शेर कार्यकर्ता गली-गली, गांव-गांव से विरोध करेगा और आवाज देगा—मोदी, वोट चोरी बंद करो! कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने बताया कि कांग्रेस के कई नेता हाउस अरेस्ट कर लिए गए हैं। साथ ही कई नेताओं के घर के बाहर पुलिस पहुंची है। हमारे नेता अजय राय को लखनऊ में हाउस अरेस्ट किया गया है। उन्होंने आगे कहा, लेकिन, हम पीएम के विरोध करने के फैसले पर अडिग हैं। भले ही पांच लोग ही विरोध करें, लेकिन करेंगे। पीएम मोदी के दौरे के चलते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने हाउस अरेस्ट किया है। पीजीआई थाना पुलिस ने आलमबाग स्थित उनके आवास पर निगरानी बनाई है। दरअसल, पीएम मोदी गुरूवार को वाराणसी का दौरा करेंगे, साथ ही मॉरिशस के पीएम संग अहम द्विपक्षीय वार्ता होगी।



## कोर्ट ने साम्प्रदायिक हिंसा भड़काने के आरोपियों की जमानत की खारिज

**मुजफ्फरनगर, 11 सितंबर (बु.)।** 21 जुलाई को कांवड़ यात्रा के दौरान ककरौली पुलिस ने गिरोह के ऐसे चार सदस्यों को पकडा था, जो कांवड़ यात्रा के दौरान जनपद में साम्प्रदायिक हिंसा कराने की साजिश रच रहे थे। आरोपी नईमुद्दीन, फईमुद्दीन, शलिक व जहीरुद्दीन ने पाकिस्तान के खून-खराबे की एक वीडियो को मुरादाबाद की बताकर कई व्हाट्सएप ग्रुपों में वायरल किया था। पुलिस इस आधार पर 24 जुलाई को कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी की थी। इस मामले में आरोपियों ने अपनी जमानत के लिए अधिवक्ता के जरिये कोर्ट में प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। मामले की सुनवाई सेशन न्यायाधीश रविकांत की कोर्ट में हुई। न्यायाधीश ने आरोपियों की जमानत खारिज करते हुए कहा कि आरोपियों ने गंभीर प्रवृति का अपराध किया है। उन्हें जमानत नहीं दी सकती है।

## गाजियाबाद में स्पेशल ट्रेन में लगी आग, रेलवे अधिकारियों में हड़कंप

**गाजियाबाद, 11 सितंबर (एजेंसी)।** गाजियाबाद जनपद के साहिबाबाद में रेल पटरी पर दौड़ते वक्त एक ट्रेन में आग लग गई। वहीं, स्पेशल ट्रेन में आग लगने की सूचना पर रेलवे अधिकारियों में हड़कंप मच गया। ऐस में अधिकारी आनन-फानन में मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। ताजा जानकारी के मुताबिक, साहिबाबाद रेलवे स्टेशन पर आनंद विहार से पुनिया जा रही गरीब रथ ट्रेन (05580) के सामान की बोगी में बृहस्पतिवार सुबह 5:55 बजे आग लग गई। बोगी में रखा सामान जल गया। सूचना पर अग्निशन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और ट्रेन के बाकी डिब्बों में आग लगने से रोका गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि ट्रेन की पिछली बोगी में आग लगी, जिसमें सामान रखा था और पूरी तरह से बंद थी। दो जगह से काटा गया और आग को बुझाना शुरू किया गया। करीब दो से ढाई घंटे आग बुझाने में लग गए। इस दौरान किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

## पुलिस मुठभेड़ में 5 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)।** नई मंडी कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ में 5 हजार रुपये के इनामी को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में इनामी बदमाश को पुलिस की गोली लग गयी, जिससे वह घायल हो गया।





घायल बदमाश से समरसेबिल पम्प व एक तमंचा बरामद किया है। बुधवार देर रात नई मंडी कोतवाली प्रभारी ब्रजेश कुमार शर्मा अपनी टीम के साथ रथेड़ी कट पर चैकिंग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने नसीरपुर की ओर से बोरे में भरकर सामान लेकर जा रहे युवक को रोकने का प्रयास किया। इस पर बदमाश ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इस दौरान पुलिस की कार्रवाई में बदमाश अक्षय निवासी मेघाखेड़ी, थाना नई मंडी पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश ने पुलिस को जानकारी दी कि उसने अपने साथी मुकुल के साथ मई में छपार थाना क्षेत्र के गांव दतियाना में समरसेबिल पम्प चोरी किया था। चोरी के आरोपी मुकुल को पुलिस ने पहले गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तार बदमाश पर छपार थाने से 5 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए भिजवा दिया।

